इसे वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in
से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 35] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 31 अगस्त 2012—भाद्र 9, शक 1934

भाग ४

विषय-सूची

(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद में पुर:स्थापित विधेयक.
(ख) (1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम.
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अन्तिम नियम.

भाग ४ (क)—कुछ नहीं

भाग ४ (ख)—कुछ नहीं

भाग ४ (ग)

अन्तिम विनियम

मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग

पंचम् तल, मेट्रो प्लाजा, विट्ठन मार्केट, भोपाल

भोपाल, दिनांक 24 अगस्त 2012

क्र. 2525–मप्रविनिआ–2012.–विद्युत अधिनियम, 2003 (2003 का 36) की धारा 181 की उपधारा (2) के खण्ड (य ट) के साथ पठित धारा 91 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, मध्यप्रदेश नियामक आयोग, एतद्द्वारा, मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग (तृतीय तथा

चतुर्थ श्रेणी सेवा भर्ती) सेवा के सदस्यों की भर्ती तथा सेवा शर्तों से संबंधित निम्नलिखित विनियम बनाते हैं, अर्थात्:–

मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग (तृतीय तथा चतुर्थ श्रेणी सेवा भर्ती तथा सेवा की शर्तें) विनियम, 2012

1. **संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभ**.–(1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग (तृतीय तथा चतुर्थ श्रेणी सेवा भर्ती तथा सेवा की शर्तें) विनियम, 2012 है.

(2) ये विनियम ''मध्यप्रदेश राजपत्र'' में उनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे.

2. **परिभाषाएं**.–इन विनियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,–

(क) ''अधिनियम'' से अभिप्रेत है, विद्युत अधिनियम, 2003 (2003 का 36);

(ख) सेवा के संबंध में ''नियुक्ति प्राधिकारी'' से अभिप्रेत है आयोग का सचिव;

(ग) ''अध्यक्ष (चेयरपर्सन)'' से अभिप्रेत है, आयोग का चेयरपर्सन (अध्यक्ष);

(घ) ''आयोग'' से अभिप्रेत है, मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग;

(ङ) ''आयोग सचिव'' से अभिप्रेत है आयोग के सचिव के रूप में पदाभिहित अधिकारी;

(च) ''समिति'' से अभिप्रेत है, चयन समिति/विभागीय पदोन्नति समिति;

(ज) ''सरकार'' से अभिप्रेत है, मध्यप्रदेश सरकार;

(छ) ''अन्य पिछड़े वर्ग'' से अभिप्रेत है, राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर, यथा संशोधित अधिसूचना क्रमांक एफ–8–5–पच्चीस–4–84, दिनांक 26 दिसम्बर, 1984 द्वारा यथाविनिर्दिष्ट नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्ग;

(झ) ''अनुसूची'' से अभिप्रेत है इन विनियमों से संलग्न अनुसूची;

(ञ) ''अनुसूचित जाति'' से अभिप्रेत है, कोई जाति, मूलवंश या जनजाति अथवा जाति, मूलवंश या जनजाति का भाग या उसमें का समूह, जिसे भारत के संविधान के अनुच्छेद 341 के अधीन मध्यप्रदेश राज्य के संबंध में अनुसूचित जातियों के रूप में विनिर्दिष्ट किया गया है;

(ट) ''अनुसूचित जनजाति'' से अभिप्रेत है, कोई जनजाति या जनजाति समुदाय अथवा ऐसी जनजाति या जनजाति समुदाय का भाग या उसमें का समूह, जिसे भारत के संविधान के अनुच्छेद 342 के अधीन मध्यप्रदेश राज्य के संबंध में अनुसूचित जनजातियों के रूप में विनिर्दिष्ट किया गया है.

(ठ) "सेवा" से अभिप्रेत है, मध्यप्रदेश विद्युत् नियामक आयोग सेवा;

(ड) "राज्य" से अभिप्रेत है, मध्यप्रदेश राज्य;

(ढ) उन शब्दों तथा अभिव्यक्तियों के जो इन विनियमों में प्रयुक्त किए गए है किन्तु परिभाषित नहीं है, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, के वही अर्थ होंगे जो इनके लिए विद्युत् अधिनियम, 2003 (2003 का 36) में कमशः उनके लिए दिए गए हैं।

3. **विस्तार तथा लागू होना.**— समय समय पर यथा संशोधित मध्यप्रदेश सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 में अंतर्विष्ट उपबंधों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ये विनियम अनुसूची–एक में यथा उल्लिखित सेवा के प्रत्येक सदस्य पर लागू होंगे।

4. **सेवा का गठन.**—

सेवा में निम्नलिखित व्यक्ति होंगे, अर्थात्:—

(1) वे व्यक्ति, जो इन विनियमों के प्रारंभ होने के पूर्व सेवा में भर्ती किए गए हों; और

(2) वे व्यक्ति, जो इन विनियमों के उपबंधों के अनुसार सेवा में भर्ती किए गए हों।

5. **वर्गीकरण, वेतनमान आदि.**— (1) सेवा का वर्गीकरण, उससे संलग्न वेतनमान तथा सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या अनुसूची एक में अंतर्विष्ट उपबंधों के अनुसार होगी:

परन्तु अध्यक्ष, समय–समय पर, सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या में या तो स्थायी आधार पर या अस्थायी आधार पर वृद्वि या कमी कर सकेगा।

(2) सेवा के सदस्य वित्त विभाग के **परिपत्र क्र. एफ–11 /1/2008/नियम/चार दिनांक 24/1/2008** एवं परिपत्र क्र. एफ–11/1/2008/नियम/चार दिनांक 07.11.2009 सहपठित परिपत्र क्र. एफ–11/1/2008/नियम/चार दिनांक 30.10.2010 के उपबंधों के अनुसार समयमान वेतनमान के हकदार होंगे।

6. **भर्ती का तरीका.**— (1) इन विनियमों के प्रारंभ होने के पश्चात्, सेवा में भर्ती निम्नलिखित तरीकों में से किसी एक तरीके से की जाएगी, अर्थात् :—

(क) चयन के माध्यम से सीधी भर्ती व्दारा;

(ख) अनुसूची चार के कालम (2) में यथा विनिर्दिष्ट कर्मचारियों की पदोन्नति द्वारा;

(ग) उन व्यक्तियों की प्रतिनियुक्ति द्वारा, ऐसे पदों को मूल/स्थानापन्न हैसियत में धारण करते हैं, जैसा कि अध्यक्ष व्दारा इस निमित्त विनिर्दिष्ट किया जाए।

(घ) **एकल समय विशेष प्रावधान.**— आयोग द्वारा, संविदा पर नियुक्त किए गए कर्मचारी और जो कि इन विनियमों की अधिसूचना की तारीख को सेवा में हैं, उन्हें सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र कमांक एफ 5–3/2006/1/3 दिनांक 16.5.2007 की कंडिका 5.1 में निर्धारित निम्नानुसार शर्तों के अधीन आयोग का

कर्मचारी माना जाएगा तथा उनकी सेवाएं अध्यक्ष द्वारा उसी पद पर अनुसूची–एक में यथाविनिर्दिष्ट पे–बैंड तथा ग्रेड पे में समुचित तौर पर निर्धारण द्वारा नियमित की जाएगी जिन पर वे इन विनियमों की अधिसूचना की तारीख से पूर्व कार्य कर रहे थे,

(1) व्यक्ति 10 वर्ष से अधिक से निरंतर सेवारत है किन्तु इनमें ऐसे व्यक्ति शामिल नहीं किए जावे, जो न्यायालय/न्यायिक अधिकरण के आदेश से कार्यरत हों,

(2) व्यक्ति, जिसे स्वीकृत रिक्त पद के विरूद्ध रखा गया है,

(3) व्यक्ति इस विनियम के अनुसार अर्हता रखता हो,

(4) व्यक्ति जिस समय रखा गया उस समय निर्धारित आयु सीमा का मापदंड पूरा करता हो,

(5) व्यक्ति की नियुक्ति सक्षम प्राधिकारी द्वारा की गई हो,

(6) व्यक्ति जिस वर्ग (अजा/अजजा/पिछड़ा वर्ग/अनारक्षित) का रिक्त पद है, उसी वर्ग से संबंधित हो,

(7) व्यक्ति अभी न्यायालयीन स्थगन के आधार पर सेवारत न हो।

परन्तु यह कि कर्मचारी के नियमितीकरण के बाद अध्यक्ष, कर्मचारी द्वारा की गई संविदा सेवा अवधि जो अनुसूची–4 के क्रमांक 4 में दर्शाई गई है को पद का अनुभव मानकर उच्च पद पर कर्मचारी की नियुक्ति की अनुमति दे सकेगा।

(2) **आरक्षणः–** मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गो के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्रमांक 21 सन् 1994) में अंतर्विष्ट उपबंधों के अनुसार तथा राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी आदेशों के अनुसार नियमितिकरण के प्रकरण में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गो के अभ्यर्थियों के लिए पद आरक्षित रखे जाएंगे। मध्यप्रदेश सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिए विशेष उपबंध) नियम, 1997 के अनुसार महिलाओं की नियुक्ति के लिए बनाए गए उपबंधों का अनुसरण भी किया जाएगा।

(3) **नियमितीकरण की पद्धतिः–** (एक) आयोग के अध्यक्ष द्वारा अनुसूची–तीन के कालम (7) में यथा दर्शित सदस्यों से मिलाकर एक समिति गठित की जाएगी।

(दो) विनियम 6 के उपविनियम (3) (एक) के अधीन इस प्रकार गठित की गई समिति कर्मचारियों के नियमितिकरण से संबंधित समस्त प्रकरणों पर विचार करेगी, जिनकी सेवाएं पूर्व में आयोग द्वारा इन विनियमों की अधिसूचना के पूर्व संविदा पर प्राप्त की गई थी।

(तीन) नियमितिकरण के लिए मानदण्ड सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ 5–3/2006/1/3 दिनांक 16.5.2007 की कंडिका 5.9 तथा 5.10 में परिभाषित ज्येष्ठता पर आधारित होगा ।

(चार) समिति, ऐसे संविदा कर्मचारियों की एक सूची तैयार करेगी जो विनियम 6 के उपविनियम (1) (घ) में यथा विनिर्दिष्ट शर्तों का पालन करते हों तथा समिति द्वारा पद पर नियमितिकरण हेतु उपयुक्त ठहराए जाएं। समिति द्वारा इस प्रकार तैयार की गई सूची नियुक्ति प्राधिकारी को प्रस्तुत की जाएगी और नियुक्ति प्राधिकारी, अध्यक्ष से सूची पर आवश्यक अनुमोदन प्राप्त करेगा।

(पांच) समिति, ऐसे संविदा कर्मचारियों की पृथक सूची भी तैयार करेगी, जो नियमितिकरण की साधारण प्रकिया के अंतर्गत नियमितिकरण की शर्तों का पालन नहीं करते। समिति ऐसे प्रत्येक कर्मचारी के नियमितिकरण न किए जाने के लिए कारणों को लेखबद्ध करेगी तथा उसे नियुक्ति प्राधिकारी को सौंपेगी।

(छः) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा उन कर्मचारियों की, जो नियमितिकरण की सामान्य प्रक्रिया के अंतर्गत नियमितिकरण के मानदण्डों की पूर्ति नहीं करते, विनियम 6 के उपविनियम (3) (पांच) के अधीन समिति द्वारा इस प्रकार तैयार की गई सूची का सावधानीपूर्वक परीक्षण किया जाएगा तथा उसके द्वारा उसे प्रत्येक कर्मचारी के मानदण्डों हेतु शिथिलीकरण की अनुशंसा प्रस्तुत करने के पश्चात् आवश्यक शिथिलीकरण हेतु अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। अध्यक्ष द्वारा स्वविवेक से प्रत्येक प्रकरण पर विनिश्चय किया जाकर सूची का अनुमोदन किया जाएगा।

(सात) समिति द्वारा विनियम 6 के उपविनियम (3) (चार) तथा (3) (छः) के अधीन तैयार की गई सूची का अध्यक्ष से अनुमोदन प्राप्त कर नियमितिकरण के लिए सूची होगी। नियुक्ति प्राधिकारी प्रावधिक वरिष्ठता को ध्यान में रखकर संबंधित कर्मचारियों के नियमितिकरण संबंधी आदेश तुरन्त जारी करेगा।

(आठ) ऐसे कर्मचारी जिनकी सेवाएं विनियम 6 के उपविनियम (3) (चार) तथा (3) (छह) के अधीन नियमितिकरण नहीं किया जा सकता हो, वे अध्यक्ष के विवेकाधिकार से अपने पद पर संविदा आधार पर कार्य करते रहेंगे।

(4) **नियुक्ति प्राधिकारी का प्रमाणनः**— नियुक्ति प्राधिकारी, उसके द्वारा जारी किए जाने वाले नियमितिकरण आदेश पर इस आशय का प्रमाण पत्र का पृष्ठांकन करेगा कि उसने मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियां, अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पिछड़े वर्गो के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्रमांक 21 सन् 1994) और राज्य सरकार द्वारा उक्त अधिनियम तथा नियमों को ध्यान में रखते हुए समय–समय पर जारी किए गए अनुदेशों का पालन किया है और उसे उक्त अधिनियम की धारा 6 की उपधारा (1) के उपबंधों का पूर्ण संज्ञान है।

(5) **वरिष्ठताः**— समस्त संविदा कर्मचारियों की संवर्गवार एक प्रावधिक वरिष्ठता सूची तैयार की जाएगी और विनियम 6 के उपविनियम (3) (चार) तथा (3) (छह) के अधीन नियमितिकरण होने के पश्चात् समान्यतः कर्मचारी उक्त मूल प्रावधिक वरिष्ठता सूची के आधार पर अपनी वरिष्ठता का संधारण करेंगे किन्तु अध्यक्ष द्वारा शिथिलता अथवा योग्यता प्राप्ति हेतु समय प्राप्त करने वाले कर्मचारियों की संवर्ग में पारस्परिक वरिष्ठता का अध्यक्ष द्वारा विनिश्चय किया जा सकेगा।

(6) **प्रारंभिक वेतन का निर्धारणः**— अध्यक्ष को, कर्मचारियों के नियमितिकरण की तारीख से समुचित वेतन निर्धारण करने की शक्ति होगी।

(7) **कियान्वयन की शक्ति.**—विनियम 6 के उपविनियम (1) (घ) के अधीन कियान्वयन की शक्ति का प्रयोग केवल इस विनियम के प्रकाशन की तारीख को उन संविदा कर्मचारियों की नियमितिकरण हेतु ही किया जाएगा जो, सेवा में हैं।

(2) उपविनियम (1) के खण्ड (क), (ख) तथा (ग) के अधीन भर्ती किए गए व्यक्तियों की संख्या, किसी भी समय अनुसूची–एक में यथा विनिर्दिष्ट पदों की संख्या के, अनुसूची–दो में दर्शाए गए प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।

(3) इन विनियमों के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, सेवा में किसी ऐसी विशिष्ट रिक्ति अथवा रिक्तियों को, जिन्हें भर्ती की किसी विशिष्ट कालावधि के दौरान भरा जाना अपेक्षित हो, भरे जाने के प्रयोजन के लिए अपनाया जाने वाला भर्ती का तरीका या तरीके तथा प्रत्येक तरीके से भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों की संख्या, प्रत्येक अवसर पर नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अवधारित की जाएगी।

(4) इस विनियम के उपविनियम (1) में अर्न्तविष्ट किसी बात के होते हुए भी, यदि अध्यक्ष की राय में सेवा की आवश्यकताओं को देखते हुए, ऐसा करना अपेक्षित हो, तो अध्यक्ष, कथित उपविनियम में विनिर्दिष्ट सेवा में भर्ती के उन तरीकों से भिन्न ऐसे अन्य तरीके अपना सकेंगे।

7. **सेवा में नियुक्ति–** इन विनियमों के प्रारम्भ होने के पश्चात् सेवा में समस्त नियुक्तियां, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा की जाएंगी और ऐसी कोई भी नियुक्ति विनियम 6 में विनिर्दिष्ट भर्ती के तरीकों में से किसी एक तरीके द्वारा चयन करने के पश्चात् ही की जाएगी, अन्यथा नहीं।

8. **सीधी भर्ती के लिये पात्रता की शर्तें–** चयन के लिए पात्र होने हेतु अभ्यर्थी को निम्नलिखित शर्तें पूरी करनी होंगी अर्थात् :–

(1) **आयु–** (क) उसने चयन प्रारंभ होने की तारीख से ठीक आगामी जनवरी के प्रथम दिन को अनुसूची–तीन के कॉलम (3) में यथाविनिर्दिष्ट आयु पूरी कर ली हो किंतु उक्त अनुसूची के कॉलम (4) में यथाविनिर्दिष्ट आयु पूरी न की हो;

(ख) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 5 वर्ष तक शिथिलनीय होगी;

(ग) उन अभ्यर्थियों के संबंध में, जो मध्यप्रदेश सरकार के कर्मचारी हों या कर्मचारी रह चुके हैं, उच्चतर आयु सीमा नीचे विनिर्दिष्ट की गई सीमा तक तथा शर्तों के अध्यधीन रहते हुए भी शिथिलनीय होगी:–

(एक) ऐसा अभ्यर्थी, जो स्थायी सरकारी सेवक हो तथा वह सामान्य वर्ग का हो 40 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए जबकि ऐसा अभ्यर्थी जो अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अथवा अन्य पिछड़ा वर्ग का हो, 45 वर्ष से अधिक आयु का नही होना चाहिए।

(दो) ऐसा अभ्यर्थी जो अस्थायी रूप से पद धारण कर रहा हो तथा किसी दूसरे पद के लिए आवेदन कर रहा हो, तथा वह सामान्य वर्ग का हो, 40 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए, जबकि ऐसा अभ्यर्थी जो अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अथवा अन्य पिछड़ा वर्ग का हो, 45 वर्ष से अधिक आयु का नही होना चाहिए। यह रियायत आकस्मिकता निधि से वेतन पाने वाले कर्मचारियों, कार्यभारित कर्मचारियों तथा परियोजना कार्यान्वयन समितियों में कार्यरत कर्मचारियों को भी अनुज्ञेय होगी ;

(तीन) ऐसे अभ्यर्थी को, जो छंटनी किया गया सरकारी सेवक हो, अपनी आयु में से उसके द्वारा पूर्व में की गई सम्पूर्ण अस्थायी सेवा की अधिकतम 7 वर्ष की सीमा तक की कालावधि, भले ही वह कालावधि एक से अधिक बार की गई सेवाओं का योग हो, कम करने के लिये अनुज्ञात किया जाएगा, बशर्ते कि इसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले वह सामान्य उच्चतर आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो।

स्पष्टीकरण– पद "छंटनी किया गया सरकारी सेवक" से द्योतक है, ऐसा व्यक्ति जो इस राज्य की या किन्हीं संगठक इकाइयों की अस्थायी सरकारी सेवा में कम से कम छह मास की कालावधि तक निरंतर रहा था और जिसे रोजगार कार्यालय में अपना नाम रजिस्ट्रीकृत कराने या सरकारी सेवा में नियोजन हेतु अन्यथा आवेदन करने की तारीख से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व स्थापना में कमी किए जाने के कारण सेवोन्मुक्त किया गया था।

(चार) ऐसे अभ्यर्थी को, जो भूतपूर्व सैनिक है, अपनी आयु में से उसके द्वारा पूर्व में की गई सम्पूर्ण प्रतिरक्षा सेवा की कालावधि कम करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, बशर्ते कि इसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले वह उच्चतर आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो।

स्पष्टीकरण'– पद "भूतपूर्व सैनिक" से द्योतक है, ऐसा व्यक्ति, जो निम्नलिखित प्रवर्गों में से किसी एक प्रवर्ग का हो तथा जो भारत सरकार के अधीन कम से कम छह मास की निरंतर कालावधि तक नियोजित रहा था और

जिसकी किसी भी रोजगार कार्यालय में अपना नाम रजिस्ट्रीकृत कराने की अथवा सरकारी सेवा में नियोजन हेतु अन्यथा आवेदन देने की तारीख से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व मितव्ययिता इकाई की सिफारिशों के फलस्वरूप अथवा स्थापना में सामान्य रूप से कमी किए जाने के कारण छंटनी की गई हो अथवा जो अतिशेष (सरप्लस) घोषित किया गया था:–

(1) ऐसा भूतपूर्व सैनिक जिसे सेवानिवृत्त रियायतों (मस्टरिंग आउट कन्सेशन) के अधीन निर्मुक्त कर दिया गया हो;

(2) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें दूसरी बार नामांकित किया गया हो, और
(क) अल्पकालीन वचनबंध अवधि पूर्ण हो जाने पर;
(ख) नामांकन संबंधी शर्तें पूर्ण कर लेने पर;
सेवोन्मुक्त किया गया हो।

(3) मद्रास सिविल यूनिट के भूतपूर्व कर्मचारी;

(4) ऐसे अधिकारी (सैनिक तथा असैनिक) (जिनमें अल्पावधि सेवा में नियमित कमीशन प्राप्त अधिकारी भी शामिल हैं) जो उनकी संविदा पूर्ण होने पर सेवोन्मुक्त किए गए हों;

(5) ऐसे अधिकारी जिन्हें अवकाश रिक्तियों पर छह माह से अधिक समय तक निरंतर कार्य करने के पश्चात् सेवोन्मुक्त किया गया हो;

(6) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें अशक्त होने के कारण सेवा से अलग किया गया है;

(7) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें इस आधार पर सेवोन्मुक्त किया गया हो कि वे दक्ष सैनिक बनने योग्य नहीं हैं;

(8) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिनकों गोली लग जाने, घाव आदि हो जाने के कारण चिकित्सीय आधार पर सेवा से अलग कर दिया गया हो।

(घ) मध्यप्रदेश सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति हेतु विशेष उपबंध) नियम, 1997 के उपबंधों के अनुसार महिला अभ्यर्थियों के लिए उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 10 वर्ष तक शिथिलनीय होगी।

(ड.) विधवा निराश्रित तथा तलाकशुदा महिला अभ्यर्थियों के संबंध में उच्चतर आयु सीमा 5 वर्ष तक शिथिलनीय होगी।

(च) उन अभ्यर्थियों के लिए, जो परिवार कल्याण कार्यक्रम के अधीन ग्रीन कार्ड धारक हैं उच्चतर आयु सीमा 2 वर्ष तक शिथिलनीय होगी।

(छ) आदिम जाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अन्तर्जातीय विवाह प्रोत्साहन कार्यक्रम के अधीन किसी दम्पत्ति के पुरस्कृत सवर्ण पति/पत्नी के मामले में उच्चतर आयु–सीमा 5 वर्ष तक शिथिलनीय होगी।

(ज) विक्रम पुरस्कार धारक अभ्यर्थियों के संबंध में उच्चतर आयु सीमा 5 वर्ष तक शिथिलनीय होगी।

(झ) ऐसे अभ्यर्थियों के संबंध में जो मध्यप्रदेश राज्य निगम/मण्डल/मध्यप्रदेश राज्य विद्युत् मण्डल तथा उसकी उत्तरवर्ती संस्था के कर्मचारी हैं, उच्चतर आयु सीमा यदि वह सामान्य वर्ग का है तो 40 वर्ष तक शिथिलनीय होगी, तथा यदि वह अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अथवा अन्य पिछड़ा वर्ग का हो तो उच्चतर आयु सीमा 45 वर्ष तक शिथिलनीय होगी।

(ञ) नगर सेवा (होम गार्ड्स) के स्वयंसेवी नगरसैनिकों एवं नान कमीशंड अधिकारियों के लिए उनके द्वारा की गई सेवा की कालावधि के लिए सामान्य उचत्तर आयु सीमा आठ वर्ष तक की सीमा के अध्यधीन रहते हुए शिथिलनीय होगी, किन्तु किसी भी दशा में उनकी आयु यदि वह सामान्य वर्ग का है तो 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए तथा यदि वह अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अथवा अन्य पिछड़ा वर्ग का हो तो उच्चतर आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

(ट) परित्यक्त अभ्यर्थियों के लिए उच्चतर आयु सीमा, राज्य सरकार व्दारा, समय समय पर, जारी किए गए अनुदेशों के अनुसार शिथिलनीय होगी।

(ठ) केन्द्र/राज्य सरकार या उन सरकारों के अधीन किसी पब्लिक सेक्टर यूनिट (इकाई) में पूर्व से कार्यरत कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति पर, नियुक्ति के लिए कोई उच्चतर आयु सीमा नहीं होगी:

परन्तु पदधारी, केन्द्रीय/राज्य सरकार के नियमों के अधीन उनके तत्स्थानी श्रेणी के कर्मचारियों की उनकी अधिवार्षिकी के लिए कम से कम तीन वर्ष होना चाहिए।

टिप्पणी–(1):– ऐसे अभ्यर्थी, जिन्हें ऊपर विनियम 8 (1), (ग) (एक) तथा (दो) में उल्लिखित आयु संबंधी रियायतों के अधीन चयन के लिए पात्र पाया गया हो, यदि वे आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात्, नियुक्ति

आदेश जारी होने के पूर्व सेवा से त्याग पत्र दे देते हैं, तो नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे, तथापि यदि आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात् उनकी सेवा अथवा पद से छंटनी की जाती है, तो वे पात्र बने रहेंगे। किसी अन्य मामले में आयु सीमा शिथिल नहीं की जाएगी।

(2) विभागीय अभ्यर्थियों को चयन में उपस्थित होने के लिए अध्यक्ष की पूर्व अनुज्ञा प्राप्त करना होगी।

(2) शैक्षणिक अर्हताएं.– अभ्यर्थी के पास, अनुसूची तीन में दर्शायी गई सेवा के लिए विनिर्दिष्ट शैक्षणिक अर्हता होनी चाहिए:

परंतु,–

(क) अध्यक्ष आपवादिक मामलों में, किसी ऐसे अभ्यर्थी को अर्ह मान सकेगा, जो यद्यपि इन विनियमों में विहित अर्हताओं में से कोई अर्हता रखता हो, किन्तु जिसनें अन्य संस्थाओं/विश्वविद्यालयों द्वारा संचालित परीक्षाएं ऐसे स्तर से उत्तीर्ण की हों जो अध्यक्ष की राय में अभ्यर्थी को चयन के लिए साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए पात्र ठहराता हो; और

(ख) ऐसे अभ्यर्थियों पर भी जो अन्यथा अर्ह हैं, किन्तु जिन्होंने ऐसे विदेशी विश्वविद्यालयों से, उपाधि प्राप्त की हो जो ऐसे विश्वविद्यालय है जिन्हें सरकार द्वारा विर्निदिष्ट रूप से मान्यता नहीं दी गई है, अध्यक्ष के विवेकानुसार, चयन में उपस्थित होने के लिए विचार किया जा सकेगा।

(3) फीस.– अभ्यर्थी को नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा, समय–समय पर, विनिर्दिष्ट की गई फीस का भुगतान करना होगा।

9. निरर्हता.–

(एक) किसी अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिये किसी भी साधन से समर्थन अभिप्राप्त करने के किसी भी प्रयास को, अध्यक्ष व्दारा चयन में उसके उपस्थित होने के लिए निरर्हता माना जा सकेगा।

(दो) मध्यप्रदेश सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 के नियम 5 के उपबंधों के अनुसार कोई भी अभ्यर्थी जिसने विवाह के लिए नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

(तीन) कोई भी अभ्यर्थी, जिसकी दो से अधिक जीवित संतान हों, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी, 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो, किसी सेवा या पद के लिए पात्र नहीं होगा:

परन्तु कोई भी अभ्यर्थी, जिसकी पहले से एक जीवित संतान है तथा आगामी प्रसव 26 जनवरी, 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो, जिसमें दो या दो से अधिक संतान का जन्म होता है, किसी सेवा में या पद पर नियुक्ति के लिए निरर्हित नहीं होगा।

(चार) कोई अभ्यर्थी, जो किसी महिला के विरूद्ध किसी अपराध में सिद्धदोष ठहराया गया हो, सेवा में नियुक्ति का पात्र नहीं होगा, किंतु जहां ऐसा मामला किसी अभ्यर्थी के विरूद्ध न्यायालय में लंबित हो, उसकी नियुक्ति का मामला, न्यायालय के अंतिम विनिश्चय तक लंबित रहेगा।

(पांच) पुरूष अभ्यर्थी, जिसकी एक से अधिक जीवित पत्नियां हों तथा महिला अभ्यर्थी जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह कर लिया हो जिसकी पहले से ही एक जीवित पत्नि है, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

10. अभ्यर्थी की पात्रता के संबंध में नियुक्ति प्राधिकारी का विनिश्चय अंतिम होगा.–

(1) चयन हेतु अभ्यर्थी की पात्रता या अपात्रता के संबंध में नियुक्ति प्राधिकारी का विनिश्चय अंतिम होगा और किसी भी ऐसे अभ्यर्थी को, जिसे नियुक्ति प्राधिकारी व्दारा प्रवेश प्रमाण–पत्र जारी नहीं किया हैं, साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिये अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।

(2) चयनित अभ्यर्थी, विनियम 9 के अनुसार किसी भी स्तर पर निरर्हित पाया जाता है तो उसका चयन तथा नियुक्ति अकृत एवं शून्य हो जाएगी।

11. चयन के माध्यम से सीधी भर्ती–

(1) आयोग का अध्यक्ष, अनुसूची तीन के कालम (7) में दर्शाए गए सदस्यों को मिलाकर एक समिति का गठन करेगा परंतु अध्यक्ष, सेवा के लिये सदस्य के रूप में किसी विशेषज्ञ को सहयोजित कर सकेगा।

(2) (एक) सेवा में भर्ती हेतु चयन, ऐसे अंतरालों से किया जाएगा, जैसा कि नियुक्ति प्राधिकारी, समय समय पर, अवधारित करे।

(दो) सेवा के लिए अभ्यर्थियों की एक चयन सूची, समिति व्दारा उनके साक्षात्कार लिए जाने के पश्चात्, चयन व्दारा बनाई जाएगी।

(3) मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्रमांक 21 सन् 1994) में अंतर्विष्ट उपबंधों के अनुसार और राज्य सरकार व्दारा, समय समय पर जारी आदेशों के अनुसार, सीधी भर्ती के प्रकम पर अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए पद आरक्षित रखे जाएंगे।

(4) इस प्रकार आरक्षित रिक्त स्थानों को भरते समय, उन अभ्यर्थियों की, जो अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्ग के सदस्य हैं, नियुक्ति पर विचार उसी क्रम में किया जाएगा जिस क्रम में उनके नाम, विनियम–12(1) में, निर्दिष्ट सूची में आए हों, चाहे अन्य अभ्यर्थियों की तुलना में उनका सापेक्षिक स्थान (रैंक) कुछ भी क्यों न हो।

(5) मध्यप्रदेश सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिए विशेष उपबंध) नियम, 1997 के उपबंधों के अनुसार महिला अभ्यर्थियों के लिए क्षेतिज (होरीजेंटल) आरक्षण रखा जाएगा।

(6) सामान्य प्रशासन विभाग के निदेशों के अनुसार निःशक्त अभ्यर्थियों के लिए पद आरक्षित रखे जाएंगे।

(7) सामान्य प्रशासन विभाग के निदेशों के अनुसार भूतपूर्व सैनिकों के लिए पद आरक्षित रखें जाएंगे।

(8) अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों से संबंधित अभ्यर्थियों को, जिन्हें नियुक्ति प्राधिकारी व्दारा प्रशासन में दक्षता बनाए रखने का सम्यक् ध्यान रखते हुए सेवा में नियुक्ति के लिये उपयुक्त समझा जाए, यथास्थिति, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित रिक्तियों पर नियुक्त किया जा सकेगा।

(9) ऐसे मामलों में, जहां सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले पदों के लिए कुछ कालावधि का अनुभव एक आवश्यक शर्त के रूप में विहित किया गया है और नियुक्ति प्राधिकारी की राय में यह पाया जाए कि आरक्षित पदों पर भर्ती के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं हो सकेंगे, वहां नियुक्ति प्राधिकारी, सरकार से परामर्श के पश्चात् अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के लिए अनुभव की ऐसी शर्तों को शिथिल कर सकेगा।

(10) यदि अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थी उनके लिए आरक्षित समस्त रिक्तियों को भरने के लिए पर्याप्त संख्या में उपलब्ध न हो सकें तो शेष रिक्तियां, किसी अन्य प्रवर्ग से नहीं भरी जाएंगी और रिक्तियां, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के लिए अगले चयन के लिए आरक्षित रखी जाएंगी।

12. आयोग द्वारा सिफारिश किए गए अभ्यर्थियों की सूची.– (1) समिति, उन अभ्यर्थियों की योग्यता के क्रम में एक सूची जो ऐसे स्तर से अर्ह हों, जैसा कि समिति अवधारित करे, तथा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के उन अभ्यर्थियों की, पृथक सूची, जो यद्यपि उस स्तर से अर्हित नही हैं, किन्तु जिन्हें प्रशासन में दक्षता बनाए रखने का समुचित ध्यान रखते हुए, समिति द्वारा सेवा में नियुक्ति के लिये उपयुक्त घोषित किया गया है, योग्यता के क्रम में तैयार करेगा और नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रेषित करेगा। यह सूची को सर्वसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित की जाएगी।

(2) इन विनियमों तथा मध्यप्रदेश सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, उपलब्ध रिक्तियों पर अभ्यार्थियों की नियुक्ति के लिए, उसी क्रम में विचार किया जाएगा, जिसमें कि उनके नाम सूची में आए हों।

(3) सूची में किसी अभ्यर्थी का नाम सम्मिलित किए जाने से ही उसे नियुक्ति का कोई अधिकार तब तक प्राप्त नहीं होता जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी का, ऐसी जांच करने के पश्चात्, जैसी कि वह आवश्यक समझे, यह समाधान न हो जाए कि अभ्यर्थी सेवा में नियुक्ति के लिए सभी प्रकार से उपयुक्त हैं।

(4) चयन सूची, उसके जारी किए जाने की तारीख से एक वर्ष की कालावधि तक विधिमान्य रहेगी।

13. परिवीक्षा.– सेवा में सीधी भर्ती किए गए प्रत्येक व्यक्ति को एक वर्ष की कालावधि के लिए परिवीक्षा पर नियुक्त किया जाएगा और यदि परिवीक्षाधीन (व्यक्ति) का कार्य संतोषजनक नहीं पाया जाता है तो अध्यक्ष

परिवीक्षा की कालावधि को एक या अधिक चरणों में अधिकतम एक वर्ष की कालावधि तक बढ़ा सकता है, ऐसी परिवीक्षा की कुल अधिकतम कालावधि दो वर्ष होगी।

14. पदोन्नति द्वारा नियुक्ति–(1) पदोन्नति के लिए पात्र अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन करने हेतु एक समिति गठित की जाएगी, जिसमें अनुसूची–चार के कालम (5) में उल्लिखित सदस्य होंगे।

(2) अनुसूची–चार के कॉलम (2) में विनिर्दिष्ट सेवा के सदस्यों की पदोन्नति के लिए उसके कॉलम (3) में यथाविनिर्दिष्ट पदों पर पदोन्नति हेतु अभ्यर्थी की पात्रता, चयन प्रकिया, पदोन्नति में आरक्षण एवं पदोन्नति व्दारा नियुक्ति, मध्यप्रदेश लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2002 में यथा विनिर्दिष्ट उपबंधों के अनुसार होगी।

(3) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा प्रमाणन–नियुक्ति प्राधिकारी, उसके द्वारा जारी किये जाने वाले पदोन्नति आदेश पर, इस आशय का प्रमाण पत्र पृष्ठांकन करेगा कि उसने मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्रमांक 21 सन् 1994) तथा मध्यप्रदेश लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2002 के उपबंधों और राज्य सरकार द्वारा उक्त अधिनियम के एवं नियमों के उपबंधों को ध्यान में रखते हुए जारी किये गये अनुदेशों का अनुपालन किया है और उसे उक्त अधिनियम की धारा 6 की उपधारा (1) के उपबंधों का पूर्ण संज्ञान है।

(4) विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक ऐसे अंतरालों से होगी जैसा कि नियुक्ति प्राधिकारी निर्देश दे, किन्तु सधारणतया एक वर्ष से अधिक का अंतराल नहीं होगा।

15. पदोन्नति के लिये पात्रता की शर्तें – (1) उपविनियम (2) के उपबन्धों के अध्यधीन रहते हुए, समिति उन सभी व्यक्तियों के मामलों पर विचार करेगी, जिन्होंने उस वर्ष की पहली जनवरी को उन पदों पर जिनसे कि पदोन्नति की जानी है या जिन्हें नियुक्ति प्राधिकारी व्दारा उनके समतुल्य घोषित किए गए किसी अन्य पद या पदों पर, उतने वर्षों की सेवा (चाहे स्थानापन्न रूप में या मूल रूप में) पूर्ण कर ली हो जितनी की अनुसूची–चार के कॉलम (5) में विनिर्दिष्ट है, और जो उपविनियम (2) के उपबंधों के अनुसार विचारण क्षेत्र में आते हों ।

स्पष्टीकरण: पदोन्नति के लिए पात्रता हेतु संगणना की रीति, सुसंगत वर्ष की, जिसमें विभागीय पदोन्नति समिति आहूत की जाती है, 1 जनवरी को अर्हकारी सेवा की कालावधि की गणना उस कलैण्डर वर्ष से की जाएगी जिसमें लोक सेवक फीडर संवर्ग/सेवा के भाग/पद के वेतनमान में आया है और संवर्ग/सेवा के भाग/पद के वेतनमान में आने की तारीख से गणना नहीं की जाएगी।

(2) पदोन्नति के लिए विचारण क्षेत्र के लिए मध्यप्रदेश लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2002 के उपबंध लागू होंगे।

(3) (एक) केवल उन्हीं कम्प्यूटर आपरेटर–सह–स्टेनो को शीघ्रलेखक के पद पर पदोन्नति हेतु विचारण में लिया जाएगा, जो मध्यप्रदेश शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन परीक्षा बोर्ड या मध्यप्रदेश शासन द्वारा मान्यता प्राप्त किसी अन्य बोर्ड या संस्था से हिन्दी/अंग्रेजी शीघ्रलेखन परीक्षा 100 श.प्र.मि. की गति से उत्तीर्ण हों।

(दो) चतुर्थ श्रेणी संवर्ग से कम्प्यूटर आपरेटर–सह–स्टेनो/स्वागति तथा डायरी लेखक–सह–प्रेषक के पद पर पदोन्नति के लिए अभ्यर्थी को अनुसूची–तीन में इन पदो के लिए यथा विनिर्दिष्ट अर्हता पूर्ण करनी होगी.

16. उपयुक्त कर्मचारियों की सूची तैयार करना– (1) समिति ऐसे व्यक्तियों की एक सूची तैयार करेगी जो विनियम 15 में विहित शर्तों को पूरा करते हों तथा जो मध्यप्रदेश लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2002 के उपबंधों के अनुसार समिति द्वारा सेवा में पदोन्नति के लिय उपयुक्त ठहराए गए हों। यह सूची, चयन सूची तैयार किए जाने की तारीख से एक वर्ष के दौरान सेवानिवृत्ति तथा पदोन्नति के कारण होने वाली प्रत्याशित रिक्तियों को भरने के लिये पर्याप्त होगी। एक आरक्षित सूची पूर्वोक्त कालावधि के दौरान उद्भूत होने वाली अनवेक्षित रिक्तियों को भरने के लिए एक आरक्षित सूची भी प्रस्थापित की जाएगी जिसमें दो लोक सेवकों के नाम अथवा उक्त सूची में सम्मिलित व्यक्तियों की संख्या के पच्चीस प्रतिशत व्यक्तियों के नाम, जो भी अधिक हो, सम्मिलित होंगे।।

(2) चयन सूची तैयार करने का मानदण्ड मध्यप्रदेश लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2002 के उपबंधों के अनुसार होगा।

(3) प्रत्येक चयन सूची को तैयार करते समय सूची में सम्मिलित व्यक्तियों के नाम अनुसूची–चार के कॉलम (2) में यथाविनिर्दिष्ट सेवा या पदों में ज्येष्ठता के कम में रखे जाएंगे ।

स्पष्टीकरण: कोई व्यक्ति, जिसका नाम चयन सूची में सम्मिलित किया गया हो किंतु जिसे चयन सूची की विधिमान्यता के दौरान पदोन्नत नहीं किया गया हो, केवल उसके पूर्वत्तर चयन के आधार पर उन व्यक्तियों पर, जिन पर पश्चात्वर्ती चयन में विचार किया गया था, ज्येष्ठता का कोई दावा नहीं करेगा।

(4) इस प्रकार तैयार की गयी चयन सूची प्रत्येक वर्ष पुनर्विलोकित तथा पुनरीक्षित की जाएगी।

(5) यदि चयन, पुनर्विलोकन अथवा पुनरीक्षण की प्रकिया में, यह प्रस्तावित हो कि सेवा के किसी सदस्य का अधिक्रमण किया जाए तो समिति प्रस्तावित अधिक्रमण के संबंध में अपने अपने कारणों को लेखबद्ध करेगी।

17. चयन सूची– (1) नियुक्ति प्राधिकारी, समिति से प्राप्त अन्य दस्तावेजों के साथ समिति द्वारा तैयार की गई सूची पर विचार करेगा और जब तक वह कोई परिवर्तन आवश्यक न समझे, सूची का अनुमोदन करेगा।

(2) यदि नियुक्ति प्रधिकारी, समिति से प्राप्त सूची में कोई परिवर्तन करना आवश्यक समझे तो वह प्रस्तावित परिवर्तनों की सूचना समिति को देगा तथा समिति की टिप्पणियों पर, यदि कोई हों, विचार करने के पश्चात्, सूची को ऐसे उपांतरणों के साथ, यदि कोई हों, अंतिम रूप से अनुमोदित कर सकेगा, जो उसकी राय में न्यायसंगत हों।

(3) नियुक्ति प्राधिकारी व्दारा अंतिम रूप से अनुमोदित चयन सूची, अनुसूची–चार के कॉलम (2) मे दर्शित किए गये पदों से उक्त अनुसूची के कालम (3) में दर्शित किए गए पदों पर सेवा के कर्मचारियों की पदोन्नति के लिए चयन सूची होगी।

(4) चयन सूची, जब तक की विनियम 16 के उपविनियम (4) के अनुसार उसको पुनर्विलोकित या पुनरीक्षित की जाए, साधारणतः एक वर्ष की कालावधि के लिए प्रवृत्त रहेगी, किन्तु उसकी विधिमान्यता उसे तैयार किए जाने की तारीख से 18 मास की कुल कालावधि से अधिक नहीं बढ़ाई जाएगी:

परन्तु चयन सूची में सम्मिलित किसी व्यक्ति की ओर से आचरण या कर्तव्यों के निर्वहन में कोई गंभीर चूक होने की दशा में, नियुक्ति प्राधिकारी की प्रेरणा पर, चयन सूची का विशेष पुनर्विलोकन किया जा सकेगा और समिति, यदि वह उचित समझे, तो ऐसे व्यक्ति का नाम चयन सूची से हटा सकेगी।

18. चयन सूची से सेवा में नियुक्ति– चयन सूची में सम्मिलित व्यक्तियों की सेवा के संवर्ग (काडर) के पदों पर नियुक्ति उसी क्रम से की जाएगी, जिस क्रम में ऐसे कर्मचारियों के नाम चयन सूची में आए हों।

19. विभागीय परीक्षा.– इस सेवा के पदों पर नियुक्त किए गए कर्मचारियों को ऐसी विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण करना अपेक्षित होगी जैसी कि अध्यक्ष व्दारा विनिर्दिष्ट की जाए।

20. प्रशिक्षण.– इस सेवा के पदों पर नियुक्त किए गए कर्मचारियों को ऐसा प्रशिक्षण प्राप्त करना या आयोग के या बाहर के संचालित पाठ्यक्रमों में भाग लेना अपेक्षित होगा, जैसे कि अध्यक्ष व्दारा इस संबंध में विनिर्दिष्ट किए जाए।

21. प्रतिनियुक्ति.– (क) नियुक्ति प्राधिकारी, अनुसूची–दो के कालम (2) में दर्शाए गए सीधी भर्ती के पदों की प्रतिनियुक्ति या विदेश सेवा के माध्यम से विनिर्दिष्ट अर्हता तथा अनुभव रखने वाले तथा केन्द्र अथवा राज्य सरकार या इन सरकारों के अधीन अन्य सार्वजनिक क्षेत्र की इकाईयों (पब्लिक सेक्टर यूनिट) में पूर्व से ही कार्यरत अभ्यर्थियों से भर सकेगा। अपरिहार्य परस्थितियों के अधीन, उक्त अनुसूची के कालम (2) में दर्शाए गए केवल उन पदोन्नत किए जाने वाले पदों को प्रतिनियुक्ति के माध्यम से भरा जा सकेगा जिनमें फीडर संवर्ग में कोई अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं हो।

(ख) प्रतिनियुक्ति के माध्यम से या विदेश सेवा पर पदों को भरने के लिए राज्य सरकार व्दारा, समय समय पर, जारी मार्गदर्शनों एवं निर्देशों का पालन किया जाएगा।

22. प्रतिनियुक्ति पर संविलियन करने की शर्तें:– इस संबंध में, राज्य सरकार के समय–समय पर, यथा संशोधित नियमों का पालन किया जाएगा।

23. प्रणालीकरण (चेनलाइजेशन).– पद, जिनके व्दारा पदोन्नति की जानी है अनुसूची–चार के कालम (2) में दर्शाए गए हैं तथा पद, जिन पर पदोन्नति की जानी है तथा पदोन्नति के लिए अपेक्षित न्यूनतम अनुभव को उक्त अनुसूची के कालम (3) तथा (4) में क्रमशः दर्शाया गया है।

24. निर्वचन– यदि इन विनियमों के निर्वचन के संबंध में कोई प्रश्न उद्भूत होता है तो वह अध्यक्ष को निर्दिष्ट किया जाएगा, जिस पर उसका विनिश्चय अंतिम होगा।

25. शिथिलीकरण– (1) इन विनियमों में किसी बात का यह अर्थ नहीं लगाया जाएगा कि वह ऐसे किसी व्यक्ति के मामले में, जिसे ये विनियम लागू होते हैं, अध्यक्ष को ऐसी रीति में, जो उसे न्यायसंगत और साम्यापूर्ण प्रतीत होती हो, कार्यवाही करने की शक्ति को सीमित या कम करती है:

परन्तु कोई मामला ऐसी रीति में नहीं निपटाया जाएगा जो कि इन विनियमों में उपबंधित रीति की अपेक्षा उस व्यक्ति के लिए कम अनुकूल हो।

(2) अध्यक्ष, जनहित में उसके विवेकाधिकार का, कारणों को लिखित में अभिलिखित करने के पश्चात्, इन विनियमों के प्रकाशन के पूर्व आयोग में पहले से कार्यरत संविदा कर्मचारियों के नियमितिकरण के मानदण्डों को भी शिथिल कर सकेगा।

26. **व्यावृत्ति–** इन विनियमों में की कोई भी बात राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में समय–समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्ग के लिए, उपबंध किए जाने हेतु अपेक्षित आरक्षण, शिथिलीकरण तथा अन्य शर्तों को प्रभावित नहीं करेगी।

27. **निरसन.–** इन विनियमों के तत्स्थानी तथा इन विनियमों के प्रारंभ होने के ठीक पूर्व प्रवृत्त हों, ऐसे समस्त विनियम, एतद्व्दारा निरसित किये जाते हैं:

परन्तु इस प्रकार निरसित विनियमों के अधीन किए गए किसी भी आदेश या की गई किसी कार्रवाई के संबंध में यह समझा जाएगा कि वह इन विनियमों के तत्स्थानी उपबंधों के अधीन किया गया है या की गई है।

अनुसूची – एक
(विनियम 5 देखिए)

अनुक्रमांक	सेवा में सम्मिलित पदों के नाम	अस्थाई पदों की कुल संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान + ग्रेड वेतन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	निज सहायक	05	तृतीय श्रेणी	9300–34800+3600/–
2	शीघ्र लेखक	05	तृतीय श्रेणी	5200–20200+2800/–
3	केशियर/केयर टेकर	02	तृतीय श्रेणी	5200–20200+2400/–
4	कम्प्यूटर अपरेटर–सह–स्टेनो	10	तृतीय श्रेणी	5200–20200+1900/–
5	स्वागती/डायरी लेखक–सह–प्रेषक	02	तृतीय श्रेणी	5200–20200+1900/–
6	वाहन चालक	08	तृतीय श्रेणी	5200–20200+1900/–
7	पर्यवेक्षक (सुपर वाइजर)	03	चतुर्थ श्रेणी	5200–20200+1800/–
8	दफ्तरी	06	चतुर्थ श्रेणी	4440–7440+1400/–
9	भृत्य/अर्दली	16	चतुर्थ श्रेणी	4440–7440+1300/–

अनुसूची – दो
(विनियम 6 देखिए)

अनुकमांक	सेवा में सम्मिलित पदों के नाम	अस्थाई पदों की कुल संख्या	भरे जाने वाले पदों की संख्या की प्रतिशतता		
			सीधी भर्ती द्वारा उपविनियम 6(1)(क) देखिए	पदोन्नति द्वारा उपविनियम 6(1)(ख) देखिए	प्रतिनियुक्ति द्वारा उपविनियम 6(1)(ग) देखिए
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	निज सहायक	05	निरंक	100 प्रतिशत	–
2	शीघ्र लेखक	05	निरंक	100 प्रतिशत	–
3	केशियर/केयर टेकर	02	निरंक	100 प्रतिशत	–
4	कम्प्यूटर अपरेटर–सह–स्टेनो	10	90 प्रतिशत	10 प्रतिशत	–
5	स्वागती/डायरी लेखक–सह–प्रेषक	02	75 प्रतिशत	25 प्रतिशत	–
6	वाहनं चालक	08	100 प्रतिशत	निरंक	–
7	पर्यवेक्षक (सुपर वाइजर)	03	निरंक	100 प्रतिशत	–
8	दफ्तरी	06	निरंक	100 प्रतिशत	–
9	भृत्य/अर्दली	16	100 प्रतिशत	निरंक	–

अनुसूची – तीन

(देखे विनियम–8 तथा 11)

अनुक्रमांक	पद का नाम	न्यूनतम आयु सीमा	अधिकतम आयु सीमा	विहित न्यूनतम शैक्षणिक अहर्ता	अतिरिक्त अहर्ता	समिति के सदस्य
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1.	कम्प्यूटर ऑपरेटर–सह–स्टेनो	21 वर्ष	35 वर्ष	(क) मान्यता प्राप्त बोर्ड से हायर सेकेन्डरी (10+2) उत्तीर्ण। (ख) (1) आई.टी.आई/पालीटेक्निक से 80 श.प्र.मि. से हिन्दी/अंग्रेजी शीघ्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण होने का प्रमाण–पत्र अथवा (2) म.प्र. शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन परिषद अथवा मान्यता प्राप्त अन्य संस्था से 80 श.प्र.मि. की गति से हिन्दी/अंग्रेजी शीघ्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण होने का प्रमाण–पत्र। अथवा		1. आयोग सचिव एवं संचालकों में वरिष्ठतम अधिकारी – अध्यक्ष 2. यदि आयोग सचिव समिति के अध्यक्ष हों, तो वरिष्ठतम संचालक अन्यथा आयोग सचिव –सदस्य 3. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग का नामनिर्दिष्ट सदस्य न होने के दशा में उसी प्रास्थिति का कोई सदस्य 4. संयुक्त संचालक (प्रशासन), अथवा आयोग द्वारा नाम निर्दिष्ट अधिकारी – संयोजक।

				(3) अखिल भारतीय तकनीकी परीक्षा परिषद (ए.आई.सी.टी.ई.) से मान्यता प्राप्त पॉलीटेक्निक महाविद्यालय से मार्डन ऑफिस मेनेजमेंट में डिप्लोमा प्रमाण–पत्र। अथवा ऐसी परीक्षा जिसे आयोग द्वारा उपयुक्त माना जाए। (ग) सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्र. 3–14/3/2010 दिनांक 10.09.2010 में उल्लेखित किसी एक संस्था से कम्प्यूटर परीक्षा उत्तीर्ण।		
2.	स्वागती/डायरी लेखक–सह–प्रेषक	18 वर्ष	35 वर्ष	(क) मान्यताप्राप्त बोर्ड से हायर सेकेन्डरी (10+2) उत्तीर्ण। (ख) मान्यताप्राप्त संस्था से हिन्दी/अंग्रेजी मुद्रलेखन की कम से कम 30 शब्द प्रति मिनिट की गति से उत्तीर्ण।	कम्प्यूटर योग्यता	

3.	वाहन चालक	21 वर्ष	35 वर्ष	(क) आंठवी परीक्षा उत्तीर्ण। (ख) क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय से हल्के मोटर वाहन चलाये जाने का लायसेंस। (ग) हल्के मोटर वाहन चलाने का 5 वर्ष का अनुभव।		
4.	भृत्य/अर्दली	18 वर्ष	35 वर्ष	आठवीं परीक्षा उत्तीर्ण।		

अनुसूची – चार
(विनियम–14 एवं 15 देखिए)

अनुक्रमांक	पद का नाम जिससे पदोन्नति की जानी है	पद का नाम जिस पर पदोन्नति की जानी है	अनुभव	समिति के सदस्य देखें विनियम 14(1)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	शीघ्रलेखक	निज सहायक	5 वर्ष	1. आयोग सचिव, संचालकों में वरिष्ठतम अधिकारी— **अध्यक्ष** 2. यदि आयोग सचिव, समिति के अध्यक्ष हों तो वरिष्ठतम संचालक अन्यथा आयोग सचिव— **सदस्य** 3. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग का नामनिर्दिष्ट सदस्य न होने के दशा में उसी प्रास्थिति का कोई सदस्य. 4. संयुक्त संचालक (प्रशासन) अथवा आयोग द्वारा नामनिर्दिष्ट अधिकारी— **संयोजक**
2.	कम्प्यूटर ऑपरेटर–सह–स्टेनो	शीघ्रलेखक	5 वर्ष	
3.	स्वागती/डायरी लेखक–सह–प्रेषक	केशियर/केयर टेकर	5 वर्ष	
4.	भृत्य/अर्दली/दफ्तरी/सुपरवाईजर	1. कम्प्यूटर ऑपरेटर–सह–स्टेनो 2. स्वागती/डायरी लेखक–सह–प्रेषक	5 वर्ष	
5.	भृत्य/अर्दली	दफ्तरी	5 वर्ष	
6.	दफ्तरी	सुपरवाईजर	5 वर्ष	

आयोग के आदेशानुसार,
पी. के. चतुर्वेदी, आयोग सचिव.

Bhopal, the 24th August 2012

No. 2525/MPERC/2012.In exercise of the powers conferred by Clause (Zk) of Sub-section (2) of Section 181 read with Sub-section (3) of the Section 91 of the Electricity Act, 2003 (No. 36 of 2003), the Madhya Pradesh Electricity Regulatory Commission, hereby makes the following regulation relating to recruitment and service conditions of the Members of the Madhya Pradesh Electricity Regulatory Commission (Class III and Class IV Service Recruitment) service, namely: -

Madhya Pradesh Electricity Regulatory Commission (Class III and Class IV Service Recruitment and Service Condition) Regulations, 2012

1. **Short title and commencement.-**

(i) These Regulations may be called the Madhya Pradesh Electricity Regulatory Commission (Class III and Class IV Service Recruitment and Service Condition) Regulations, 2012.

(ii) These Regulations shall come into force with effect from the date of their publication in "Madhya Pradesh Gazette".

2. **Definitions.-**

In these Regulations, unless the context otherwise requires:-

a) "Act" means the Electricity Act, 2003 (No. 36 of 2003);

b) "Appointing Authority" in respect of the service means the Secretary to Commission;

c) "Chairperson" means the Chairperson of the Commission;

d) "Commission" means the Madhya Pradesh Electricity Regulatory Commission;

e) "Commission Secretary" means the Officer designated as Secretary to the Commission;

f) "Committee" means the Selection Committee/Departmental Promotion Committee;

g) "Government" means the Government of Madhya Pradesh;

h) "Other Backward Classes" means the Other Backward Classes of citizens as specified by the State Government vide notification No. F-8-5-XXV/4/84 dated 26th December, 1984 as amended from time to time;

i) "Schedule" means the Schedule appended to these regulations;

j) "Scheduled Castes" means any caste, race or tribe or part of or group within a caste, race or tribe specified as Scheduled Caste with respect to the State of Madhya Pradesh under Article 341 of the Constitution of India;

k) "Scheduled Tribes" means any tribe or tribal community or part of or group within a tribe or tribal community specified as Scheduled Tribes with respect to the State of Madhya Pradesh under Article 342 of the Constitution of India;

l) "Services" means the Madhya Pradesh Electricity Regulatory Commission Service;

m) "State" means the State of Madhya Pradesh;

n) Words and Expressions used in these regulations but not defined unless the context otherwise require shall have the same meaning as respectively assigned to them in the Electricity Act, 2003 (No. 36 of 2003).

3. **Scope and Application.-** Without prejudice to the generality of the provisions contained in the Madhya Pradesh Civil Service (General Condition of Service) Rules, 1961, as amended from time to time, these regulations shall apply to every member of the Service as mentioned in Schedule-I.

4. **Constitution of the Service.-** The Service shall consist of the following persons, namely:-

(1) Persons recruited to the service before the commencement of these regulations; and

(2) Persons recruited to the service in accordance with the provisions of these regulations.

